नाम : _____ अनुक्रमांक : _____

# अर्द्ध-वार्षिक परीक्षा, 2026–27

# नागरिकशास्त्र

# कक्षा–12

समय : 3 घण्टे 15 मिनट पूर्णांक : 100

---

**निर्देश–**

(i) प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

(ii) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(iii) प्रश्न संख्या 1 से 10 तक बहुविकल्पीय हैं, प्रश्न संख्या 11 से 20 तक अति लघु उत्तरीय हैं, जिनका उत्तर प्रत्येक लगभग 10 शब्दों (एक वाक्य) में, प्रश्न संख्या 21 से 26 तक लघु उत्तरीय-I हैं, जिनका प्रत्येक उत्तर लगभग 50 शब्दों में, प्रश्न संख्या 27 से 30 तक लघु उत्तरीय-II हैं, जिनका प्रत्येक उत्तर लगभग 100-125 शब्दों में, प्रश्न संख्या 31 एवं 32 दीर्घ उत्तरीय हैं, जिनका उत्तर प्रत्येक लगभग 250 शब्दों में देना है।

(iv) सभी प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।

## (बहुविकल्पीय प्रश्न)

1. द्वितीय विश्व युद्ध कब से कब तक चला ? **1**

(क) 1914 से 1918 तक (ग) 1939 से 1945 तक

(ख) 1918 से 1922 तक (घ) 1920 से 1939 तक

2. गोर्बाचेव सोवियत संघ कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव कब बने ? **1**

(क) 1985 में (ख) 1986 में (ग) 1987 में (घ) 1988 में

3. बर्लिन की दीवार कब बनाई गयी थी ? **1**

(क) 1950 में (ख) 1944 में (ग) 1961 में (घ) 1965 में

4. 'निजाम' का सम्बन्ध भारत की किस रियासत से माना जाता है ? **1**

(क) जम्मू-कश्मीर (ग) भोपाल
(ख) जूनागढ़ (घ) हैदराबाद

5. भारत को स्वतन्त्रता कब प्राप्त हुई ? **1**

(क) 26 नवम्बर, 1950 (ग) 25 फरवरी, 1947
(ख) 15 अगस्त, 1947 (घ) 23 दिसम्बर, 1947

6. भारत में एक दल की प्रधानता किस दल से सम्बन्धित रही है ? **1**

(क) भारतीय जनता पार्टी (ग) साम्यवादी दल
(ख) कांग्रेस पार्टी (घ) स्वतन्त्र पार्टी

7. भारत में कौन-सी अर्थव्यवस्था पाई जाती है ? **1**

(क) समाजवादी (ख) पूँजीवादी (ग) मिश्रित (घ) सार्वजनिक

8. मैकमोहन रेखा का निर्धारण कब किया गया ? **1**

(क) 1914 में (ख) 1915 में (ग) 1920 में (घ) 1935 में

9. पं. जवाहर लाल नेहरू की मृत्यु कब हुई ? **1**

(क) 25 जून, 1962 (ग) 27 मई, 1964

(ख) 25 अगस्त, 1964 (घ) 1 नवम्बर, 1964

10. वारसा पैक्ट किस वर्ष समाप्त हुआ ? **1**

(क) 1990 में (ख) 1991 में (ग) 1992 में (घ) 1995 में

## (अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

1. भारत ने शीतयुद्ध से अलग रहने के लिए किस आन्दोलन की शुरुआत की ? **2**
2. रूस के वर्तमान राष्ट्रपति कौन हैं ? **2**
3. न्यूयॉर्क स्थित वर्ल्ड ट्रेड सेन्टर पर आतंकवादी हमला कब हुआ ? **2**
4. चीन में खुले द्वार की नीति की घोषणा कब की गई ? **2**
5. भारत ने प्रथम परमाणु परीक्षण कब किया ? **2**
6. सुरक्षा-परिषद के पाँच स्थायी देशों के नाम लिखिए। **2**
7. भारत का संविधान कब बनकर तैयार हो गया तथा संविधान सभा के सदस्यों द्वारा कब हस्ताक्षर किए गए ? इसे कब लागू किया गया ? **2**
8. कांग्रेस पार्टी व भारतीय जनता पार्टी के चुनाव-चिह्नों का वर्णन कीजिए। **2**
9. जमींदारी व्यवस्था के समाप्त होने का कोई एक लाभ लिखिए। **2**
10. पंचशील का एक सिद्धान्त लिखिए। **2**

## (लघु उत्तरीय प्रश्न-I)

1. शीतयुद्ध के कोई दो कारण लिखिए। **5**
2. वर्चस्व से आप क्या समझते हैं ? **5**
3. भारत और चीन के आर्थिक सम्बन्धों की व्याख्या कीजिए। **5**
4. भारत और पाकिस्तान में तनावपूर्ण सम्बन्धों के कोई दो कारण बताइए। **5**

UPBoardHub

5. भारतीय संघ में देशी रजवाड़ों के विलय में सरदार पटेल की भूमिका की व्याख्या कीजिए। **5**

6. हरित क्रान्ति के किन्हीं दो लाभों का उल्लेख कीजिए। **5**

## (लघु उत्तरीय प्रश्न-II)

1. भारत और चीन के बीच सम्बन्धों में तनाव के कारणों का मूल्यांकन कीजिए। **6**

2. 1975 में की गई आपात काल की घोषणा के कोई दो कारण बताइए। **6**

3. दक्षेस (सार्क) से क्या अभिप्राय है? इसके किन्हीं तीन मूल सिद्धान्तों की व्याख्या कीजिए। **6**

4. सोवियत संघ के विघटन के बाद भारत और रूस के सम्बन्धों की चर्चा कीजिए। **6**

## (दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

1. सोवियत संघ विघटन के लिए उत्तरदायी किन्हीं छः कारणों का वर्णन कीजिए। **8**

2. राष्ट्र निर्माण से आप क्या समझते हैं? स्पष्ट कीजिए। **8**

**अथवा**

पं. जवाहर लाल नेहरू युग की विदेशी नीति की व्याख्या कीजिए।

◇◇◇◇◇